भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3552

जिसका उत्तर दिनांक 17.03.2021 को दिया जाना है

परमाणु 123-समझौता

3552. श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार भारत-अमेरिका परमाणु 123-समझौता के संबंध में कदम उठाने और आगे बढ़ने का है, जो अमेरिका के साथ एक लंबे समय से लंबित समझौता है; और

(ख) यदि हां, तो समझौता का ब्यौरा क्या है और इसकी क्या स्थिति है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ.जितेंद्र सिंह) :

(क) भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार के बीच नाभिकीय ऊर्जा के शांतिमय उपयोगों से संबंधित सहयोग हेतु करार पहले से ही प्रभावी है ।

(ख) समय-समय पर दो सरकारों द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार, करार पारस्परिक हित के कई क्षेत्रों को शामिल करते हुए पूर्ण असैन्य नाभिकीय ऊर्जा सहयोग प्रदान करता है ।

* * * * *